हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025

06 वृद्धजन दिवस पर बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण कर...



07 नम आंखों से दी महामाई को विदाई दो स्थानों ...





## रावण का पुतला जला कर पवित्र होने का भ्रम

**सागर**। भारतीय समाज में रावण बुराइयों का प्रतीक है, मानवगत बुराईयाँ जो हम सब मानवों के अंतःकरण में सूक्ष्म या दीर्घ रूप में विद्यमान है। दस बुराईयों के दस सिर जो एक मानव को दैत्य और दशानन का तमगा दिला देते है। इन्ही बुराईयों का प्रतिफल हम नाश और वैभव के पराभाव की ओर ले जाता है। मान्यता है इतिहास स्वयं को बार बार दोहराता है, नैतिक मूल्य शाश्वत है बस किरदार बदल जाते है, अतीत के अहसास और अनुभवों से उपजी परंपराये हमारे जीवन का दर्शन है जो हमें बुराईयों से बचने की प्रेरक है जिन्हें आत्मसात कर हम सदियों से रावण दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का जयकारा लगाते है। परंतु क्या ये एक उत्सव है ? या भ्रम जो हमारे अंहकार का तुष्टिकरण है, या फिर स्वयं को सच साबित करने का जरिया मात्र क्योकि हमनें कभी अपने अंतःकरण में झांककर नही देखा कितने रावण अट्टाहस लगा रहे है। सिर्फ प्रतीकों के दहन से हम क्या हासिल करने का प्रयास कर रहे है। 9 दिनों की शक्ति पूजा और मातृ की आराधना के बाद क्या दशानन के दहन मात्र से हमारे सामाजिक कर्तव्यों की पूर्ति होगी, या फिर मातृशक्ति की अस्मिता के प्रति हमारे रवैये में भी बदलाव जरूरी है। भारतीय समाज रावण को अहंकार का पर्याय मानता है, इसी अंहकार से उपजी उसकी कुत्सित भावनाओं ने उसे स्वर्ण नगरी लंका के अधिपति से भिक्षुक बनकर छल-कपट से सीता का अपहरण करने पर विवश किया। उसका यह कार्य न तो वीरोचित था और न ही धर्म सम्मत। इसीलिए उसे सीता ने अशोक वाटिका में चेताया था-

**सठ-सूने हरी आनहि मोहि, अधम निर्लज्ज, लाज न तोही।**

हमारे यहां आसोज शुक्ल दशमी को रावण का पुतला जलाने की परंपरा सनातन काल से चली आ रही है। इसे हम बुराई पर अच्छाई की विजय कहते हैं, क्योंकि अच्छाई एवं सदाचार की मूर्ति राम ने बुराई के प्रतीक रावण पर इसी दिन विजय प्राप्त की थी। भावावेश में अपराध होना स्वाभाविक है। परंतु बंधु-बांधवों व अपनी स्त्री के समझाने पर भी उसने अपनी भूल स्वीकार न की। इससे लोग रावण से घृणा करने लगे और प्रतीक रूप में उसका पुतला जलाने लगे। उसे बुराई का प्रतीक मानकर ही उसका पुतला जलाया जाता है। लेकिन क्या इस परिधि में उसके जैसे आचरण करने वाले दूसरे लोग नहीं आते? इस रावण की पहचान तो उसकी शारीरिक बनावट के कारण सरल थी। उसके पिता पौलस्त्य ऋषि शुद्ध आर्य थे। माता दैत्यराज की पुत्री थी। वे सभी तो काल के गाल में समा गए। पर आज भी प्रतिदिन अपहरण कर फिरौती लेने वाले धन के लालची, लोगों का वध कर रहे हैं। क्या आज भी यह कार्य रावण ही आ कर कर रहा है ? उसे तो शरीर छोड़े हजारों वर्ष हो गए।

क्या समय के बदलाव के साथ ही रावण के आचरण और आवरण भी बदल गये है ? समाज के मानकों और धर्म के पीछे छुपकर पापाचार करने वाले क्या रावण नही है ? धनबल, बाहूबल और सत्ता बल से अपने दुष्कर्मो को न्यायोचित ठहराने वाले क्या वर्तमान के रावण नही है ? क्या अपनी अहंकार तुष्टि और स्वार्थपूर्ति के लिए जनमत का चीरहरण करने वाले दशानन नही है ? क्या 9 दिनों की शक्तिपूजा के बाद मातृशक्ति गरिमा को ठेस पहुँचाने वाले रावण नही है ? आज रावण के समान आचरण करने वालों को हमारा समाज दंड नहीं देता, आज भ्रष्टाचार तथा असत्य भाषण जैसे दुर्गुण व्यावहारिकता या दुनियादारी की श्रेणी में रखे जा रहे हैं। ऐसा क्यों हो रहा है, क्या इस पर विचार करना आवश्यक नहीं है? आदमी के स्वार्थीपन से ही रावण की भूमिका तैयार होती है और इससे अंकुरित पौधे को विकसित होने का अवसर मिलता है, मनुष्य के अहंकार से। आज यह मनुष्य की विवशता बनती जा रही है। यह विवशता ही रावण की जननी है। राजा जनक के धनुष यज्ञ में रावण स्वयं उपस्थित था। उसने भी धनुष तोड़ने का प्रयास किया ताकि वह विधिवत सीता जी को प्राप्त करे, परंतु इसमें उसे सफलता न मिली। वहां राम को सफलता मिली। ऐसे समय में रावण राम की सफलता से तनिक भी तिलमिलाया नहीं। वह चुपचाप वहां से प्रस्थान कर गया। हां, सीता का लावण्य उसके मन मस्तिष्क में अंकित हो गया। इसलिए उसने सीता का अपहरण किया। परंतु उसकी स्वीकृति के बिना उसे स्पर्श तक न किया। यह उसकी शालीनता ही थी। परंतु आज तो बलात्कार की खबरें आती हैं। आज हमारे ही बीच बहुत से लोग उससे भी घृणित कार्य करते हैं, पर हम सब उनका बचाव करते हैं, क्योंकि वे हमारे अपने संबंधी या मित्र या क्लाइंट होते हैं। इतने पर भी हम प्रतिवर्ष रावण का पुतला जलाते हैं। क्या उसका पुतला जलाने से हम पवित्र हो जाएंगे? आज प्रत्येक मनुष्य में वह रावण जीवित है। यह हमारा चारित्रिक दोष है, हम उस दोष को जलाएं न कि रावण के बुत को। ऐसा करके तो हम उसे महिमा मंडित कर रहे हैं। रावण का पुतला जलाने मात्र से ही हम बुराइयों का अंत कर पाते, तो भारत की आज यह दुर्दशा न होती। हमारे भीतर प्रवेश कर गए रावण को जलाने में ही दशहरा मनाने की सार्थकता है। कड़वा सच तो यह है कि दशहरे पर रावण का पुतला जलाकर हम सिर्फ अपना मनोरंजन कर रहे हैं।







# उत्साह व श्रद्धा के साथ देवी प्रतिमाओं का विधि-विधान के साथ हुआ विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

विजयादशमी पर गुरूवार को चल समारोह शहर के मुख्य मार्गों से जयकारों के साथ निकले। मां की मनोरम झांकियां, अखाड़ों का हैरत-अंगेज प्रदर्शन के साथ ही विसर्जन समारोह के लिए देवी प्रतिमाओं को श्रद्धालु धूमधाम से विर्सजन करने ले गये। समितियों के कार्यकर्ताओं द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थी। इस अवसर पर उत्साह व श्रद्धा के साथ मार्ग के दोनों तरफ हजारों देवी भक्तजन मां की एक झलक पाने खड़े थे। विजयादशमी के मौके पर गुरूवार को दोपहर 2 बजे से ही भव्य चल समारोह निकलना शुरू हो गये थे। शहर के साथ आसपास के क्षेत्रों में विराजी देवी प्रतिमाओं का विसर्जन समारोह हर वर्ष की भांति परंपरागत और विधि-विधान के अनुसार हुआ। राधा तिराहे से लेकर जामा मस्जिद, तीनबत्ती, कोतवाली, सराफा, बड़ा बाजार में मार्ग के दोनों ओर हजारों की संख्या में बैठे श्रद्धालु और मां के जयकारों के बीच प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाते पंडाल समितियों के कार्यकर्ता बड़े धूमधाम व उत्साह के साथ चल समारोह में शामिल थे। शहरी क्षेत्र में प्रतिमाओं का विसर्जन लेहदरा नाका स्थित बड़ी नदी पर हुआ। वहीं चितोरा, बरमान के साथ अन्य स्थानों पर भी रातभर प्रतिमाओं का विसर्जन होता रहा। जिला प्रशासन ने ऐहतियात के तौर पर मार्गों और विसर्जन स्थल पर पुलिस बल की तैनाती की थी। वहीं यातायात व्यवस्था के तहत मंगलवार को दोपहर से ही मार्गों को परिवर्तित कर दिया गया था। चल समारोह पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। बुराई पर अच्छाई की विजय को लेकर शहर में पीटीसी ग्राउंड और मकरोनिया में रजाखेड़ी में कई स्थानों पर रावण का पुतला दहन किया गया।

## जयघोषों के साथ एक-दूसरे पर उड़ाई गुलाल, लगाए जयकारे

शहर के साथ समूचे जिले में दशहरा और चल समारोह गुरूवार को धूमधाम से मनाया गया। मां दुर्गा का चल समारोह दोपहर से शुरू हो गया था। महोत्सव समितियों ने दोपहर में ही दुर्गा विसर्जन का आयोजन संपन्न किया और यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। इसके लिए समितियों द्वारा तैयारियों का दौर दोपहर से ही शुरू हो गया था। वाहनों को आकर्षक ढंग से सजाया गया और इसके बाद पूरे विधि-विधान से पंडालों में मां दुर्गा का हवन-पूजन के बाद उन्हें चल समारोह के लिए वाहन में विराजमान किया गया। समिति के कार्यकर्ता इस दौरान जयकारों के साथ नृत्य करते हुए चल रहे थे। दशहरा पर्व पर बीते समय में अखाड़ों और नाच-गाना करते हुए दुर्गा विसर्जन की परंपरा का निर्वाहन होता है। चल समारोह में शामिल युवा रंग गुलाल से सराबोर देखे गये। ढोल-तासों पर थिरकते युवा रंग गुलाल की बौछार करते नजर आए।

# कांग्रेस ने स्वच्छता अभियान चलाकर व बापू के प्रिय भजन गाकर मनाई गांधी व शास्त्री जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा गौर मूर्ति से जय स्तंभ तक स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई कर्मचारियों का जहां सम्मान किया वही अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा की स्वच्छ भारत का सपना पूज्य महात्मा गांधी ने देखा था। जिनके पद चिन्हों पर चलकर आज मोदी सरकार वाहवाही लूट रही है । महात्मा गांधी ने हमेशा अहिंसा परमो धर्म का संदेश दिया जिससे उन्हें आज राष्ट्रपिता के रूप में पूजा जाता है।

वही दशहरा के पावन पर्व पर निकलने वाले विशाल चल के पूर्व शहर की सड़कों की साफ सफाई की। इसके उपरांत कांग्रेस जन सदर स्थित लाल बहादुर शास्त्री चौक पर पहुंचकर जय जवान जय किसान का नारा देने वाले पूज्य पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके देश में दिए योगदान पर चर्चा की।

समस्त कांग्रेस जनों ने पुरानी गल्ला मंडी पहुंचकर पूज्य महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बापू के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम के भजन गाए । इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी पुरुषोत्तम मुन्ना चौबे, राकेश राय, सेवादल अध्यक्ष सिन्टू कटारे, आनंद हेला, कल्लू पटेल, रमाकांत यादव, डॉक्टर दिनेश गोपाल प्रजापति, रजिया खान, अरविंद सिंह ठाकुर, अजय सिंह राजपूत, दीनदयाल तिवारी, लीलाधर सूर्यवंशी, हीरालाल चौधरी , शरद पुरोहित, हरदास रैकवार, धर्मेंद्र चौधरी, वीरेंद्र राजे, मयंक ठक्कर, रजिया खान, महेश अहिरवार, नीरज चौरसिया, जितेंद्र चौधरी, रेखा सोनी आदि वरिष्ठ कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## सीएम हेल्पलाइन में आदतन शिकायत करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: कलेक्टर

**सागर**। सीएम हेल्पलाइन में झूठी शिकायत दर्ज कराने वालों और आदतन शिकायत कर्ताओं पर सख्त कार्रवाई होगी, साथ ही सभी विभाग प्रमुख सूची बनाकर रिपोर्ट भेजें। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि आम लोगों की शिकायतें दूर करने के लिए बनाई गई सीएम हेल्पलाइन पर बार-बार शिकायतें करने वाले या आदतन शिकायतकर्ता चिह्नित किए जाएंगे। आवश्यक होने पर कार्रवाई भी की जाएगी। ज्ञातव्य है कि सीएम हेल्पलाइन के संचालक ने कलेक्टर को पत्र भेजकर सभी विभागों से ऐसे लोग चिह्नित करने को कहा है। भोपाल से जारी आदेश के बाद जिले के सभी कार्यालय प्रमुखों को यह पत्र भेजकर शिकायतकर्ताओं की पहचान करने और तत्काल जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए फार्मेट भी तय किया है। इसमें शिकायतकर्ता का नाम, मोबाइल नंबर, अब तक दर्ज कुल शिकायतों की संख्या सहित शिकायतकर्ता के बारे में रिमार्क भी देना है। ब्लैकमेलिंग की नीयत से शिकायत करने वालों पर होगी कार्रवाई।कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि कई मामलों में यह पाया गया है कि कुछ लोग अधिकारियों और कर्मचारियों पर दबाव बनाने या निजी स्वार्थ साधने के लिए बार-बार शिकायतें दर्ज कराते हैं। इन्हें 'ब्लैकमेलर शिकायतकर्ता' की श्रेणी में रखा जाएगा। वरिष्ठ स्तर से मिले निर्देशों के अनुसार ऐसे लोगों के खिलाफ प्रशासनिक और कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि बार-बार झूठी शिकायतों से वास्तविक शिकायतों के निस्तारण में देरी होती है। प्रशासन मशीनरी की ऊर्जा और समय व्यर्थ की जांच-पड़ताल में खर्च होता है। फर्जी शिकायतें से शिकायतों का भार बढ़ता जाता है।

# जैसीनगर के संस्थापक श्री जय सिंह जू देव की प्रतिमा स्थापना का निर्णय लिया, नाम बदलने के विरोध में रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



क्षत्रिय महासभा, जिला सागर द्वारा आज सुरखी विधानसभा के जैसीनगर ब्लॉक में शस्त्र पूजन कार्यक्रम के दौरान हुई बैठक में निर्णय लिया गया है कि जयसिंह नगर में इस नगर के संस्थापक शासक जयसिंह जू देव की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। शस्त्र पूजन के पश्चात जैसीनगर (जयसिंह नगर) का नाम परिवर्तित किए जाने के विरोध में रैली निकाली गई एवं प्रशासन से जैसीनगर (जयसिंह नगर) का नाम यथावत रखने हेतु ज्ञापन सौंपा गया। शस्त्र पूजन कार्यक्रम के अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित जैसीनगर के सर्वसमाज के लोगों ने निर्णय लिया कि जैसीनगर तालाब में नगर के संस्थापक शासक श्री जयसिंह जू देव की मूर्ति स्थापित की जाए। इसके लिए पहले प्रशासन से मांग की जाएगी। क्षत्रिय महासभा जिला सागर के अध्यक्ष लखन सिंह बामोरा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यदि प्रशासन प्रतिमा स्थापना की बात नहीं मानता तो सर्वसमाज के सभी जन मिलकर राजा जय सिंह जू देव की प्रतिमा स्थापित करेंगे। कार्यक्रम को पूर्व सांसद राजबहादुर सिंह, वरिष्ठ नेता व क्षत्रिय महासभा के सदस्य राजकुमार सिंह धनौरा ने भी संबोधित किया। इस आयोजन में अशोक सिंह बामोरा, राजू राजपूत जैसीनगर, रविन्द्र सिंह सागोनी, बड़े भाई शेरपुर, रघुवीर सिंह, पप्पू यादव, अवधेश जैन, प्रणव कुर्मी, संदीप ठाकुर, पप्पू महाराज, , संदीप कुसुमगढ़ एवं क्षत्रिय महासभा जैसीनगर ब्लॉक के वरिष्ठजनए युवा साथियों और समाजबंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी की उपस्थिति और सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा। क्षत्रिय महासभा ने सभी का हृदय से धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित करती है।

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान में जिले के सभी पशुपालकों पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य व नस्ल सुधार की जानकारी दे : कलेक्टर




**सागर**। दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान में जिले के सभी पशुपालकों पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार की जानकारी दे।उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने सभी संबंधित अधिकारियों को दिए।कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार पशुपालन करने वाले किसानों व पशुपालकों की आय व दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर से दुग्ध समृद्धि अभियान शुरू किया जाएगा। यह तीन चरणों में चलेगा। शुरुआत ग्राम सभाओं से की जाएगी। पहले चरण में 10 या 10 से अधिक गोवंश रखने वाले पशुपालकों से संपर्क किया जाएगा। दूसरे चरण में 5 या अधिक गोवंश रखने वाले पशुपालकों और तीसरे चरण में 5 या कम गोवंश रखने वाले पशुपालकों से संपर्क किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी/मैत्री द्वारा पशुपालकों से घर जाकर मुलाकात की जाएगी और उन्हें पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार के संबंध में बताया जाएगा। यह अभियान 9 अक्टूबर तक चलेगा।



## मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने वरिष्ठ पत्रकार की माता के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**सागर**। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने वरिष्ठ पत्रकार सुदेश तिवारी की माता एवं सेवानिवृत्त शिक्षिका विद्यावती तिवारी के निधन पर उनके निवास पहुँचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री राजपूत ने दिवंगत श्रीमती तिवारी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सुदेश तिवारी के पिता शुकदेव तिवारी, सुखदेव मिश्र, कमलेश बघेल, दिनेश सिंघई, मुकेश जैन, विनोद आर्य सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## सेवा पखवाड़ा अंतर्गत वृद्धाश्रम में वृद्धजनों का शाल श्रीफल से किया सम्मान

**सागर**। कलेक्टर संदीप जी आर के मार्गदर्शन मे अंतर राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन सामाजिक न्याय विभाग द्वारा आनंद आश्रम मे किया गया, कार्यक्रम का सुभारम्भ माँ सरस्वति को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त कलेक्टर आरती यादव उपस्थित रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्याम तिवारी एवं अन्य गणमान्य जन प्रतिनिधि जगन्नाथ गोरिया, विक्रम सोनी, मनीष चौबे, महेश साहू एवं अन्य लोगों के द्वारा वृद्धजनों का सम्मान शाल-श्रीफल व माला पहनाकर किया गया एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत सभी वृद्धजनों एवं अतिथियों द्वारा वृद्धाश्रम में वृक्षारोपण एवं नशामुक्त समाज बनाने के साथ ही स्वच्छता उत्सव भी मनाया गया। इस अवसर पर अंत मे आभार डॉ. डी. एस. यादव जेडी सामाजिक न्याय ने प्रकट किया।

### विजयदशमी पर सागर में शस्त्र पूजन हुआ

# मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा- शस्त्र पूजा से धर्म, कर्म और कर्तव्य का बोध होता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



विजयदशमी के पावन पर्व पर मध्य प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सागर पुलिस लाइन में परंपरागत रूप से शस्त्र पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शस्त्रों की पूजा हमें धर्म, कर्म और कर्तव्यों का बोध कराती है। कार्यक्रम में सांसद लता वानखेड़े, पुलिस उप महानिरीक्षक सचेंद्र सिंह चौहान, कलेक्टर संदीप जी.आर., पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि और पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री श्री राजपूत ने शस्त्र पूजन के बाद कहा कि शस्त्र पूजा हमें अपने कर्तव्यों और कर्मों के प्रति जागरूक करती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश पुलिस को आधुनिक हथियार और शस्त्र उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि विजयदशमी के अवसर पर शस्त्रों और वाहनों की पूजा से हमें अपने दायित्वों की अनुभूति होती है। मंत्री ने यह भी कहा कि शस्त्र पूजा का यह दिन गौरवपूर्ण है, जिसे मध्य प्रदेश शासन द्वारा उत्साह पूर्वक मनाया जा रहा है। शस्त्र पूजन के बाद मंत्री ने शस्त्रों के संबंध में जानकारी भी ली।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव उईके, लोकेश सिन्हा, नगर पुलिस अधीक्षक ललित कश्यप, नितेश सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## यादव प्रतिभा सम्मान एवं माधव स्मारिका विमोचन में विधायक ने प्रतिभागियों को किया सम्मानित

सागर। श्री कृष्ण यादव विकास समिति, सागर द्वारा रविवार को रविन्द्र भवन, कृष्णगंज वार्ड में 33वाँ यादव प्रतिभा सम्मान एवं 25वीं माधव स्मारिका विमोचन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक शैलेंद्र कुमार जैन सम्मिलित हुए। विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने पूर्व सांसद लक्ष्मीनारायण यादव, पूर्व मंत्री हर्ष यादव, समाजसेवी गौरी सिंह यादव, पूर्व मंडी अध्यक्ष सुधीर यादव एवं समाज के गणमान्य लोगों के साथ मंच से समाज के मेधावी विद्यार्थियों, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं एवं समाजहित में विशेष योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक जैन ने अतिथियों के साथ मिलकर समाज की 'माधव स्मारिका' का विमोचन किया। यह स्मारिका समाज की उपलब्धियों, व्यक्तित्वों एवं योजनाओं को दर्शाती है। विधायक शैलेंद्र जैन ने अपने संबोधन में कहा कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है जब वह अपनी नई पीढ़ी की प्रतिभा को पहचानता और उसे आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा, यदि हम बच्चे की प्रतिभा का सम्मान नहीं करेंगे तो वह आगे नहीं बढ़ पाएगा। आज जिन बच्चों को हम सम्मानित कर रहे हैं, उनकी सफलता के पीछे उनके माता-पिता का भी बहुत बड़ा योगदान है। उनके त्याग और परिश्रम के कारण ही बच्चे नई ऊँचाइयाँ छू पाते हैं।"कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों ने भी बच्चों और युवाओं को मेहनत और ईमानदारी से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। श्री कृष्ण यादव विकास समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन समाज में शिक्षा, प्रतिभा एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निरंतर आयोजित किया जाता रहा है। कार्यक्रम का संचालन गोपाल मोहन यादव ने किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से रक्षपाल सिंह यादव, राजेंद्र यादव, बाबू सिंह यादव, शिव शंकर यादव, अंबिका यादव, रुपेश यादव, सुमित यादव, प्रमोद यादव, भावना जितेंद्र रोहन, जमुना यादव, अपर्णा यादव सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

## आवंटित लक्ष्यों के प्रगति की समीक्षा

**ललितपुर।** एडीएम की अध्यक्षता में जिला कौशल व कार्यकारिणी समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन कलैक्ट्रेट सभागार में किया। जिसके अन्तर्गत वर्ष 2025-26 एवं 2024-25 में राजकीय, निजी प्रशिक्षण प्रदाताओं को आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति की समीक्षा की गयी। साथ ही दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्य की प्रगति एवं सेवायोजन पर चर्चा की गयी। सीडीओ ने निर्देशित किया कि समस्त प्रशिक्षण प्रदाता आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष त्वरित कार्यवाही कराते हुए लक्ष्य की पूर्ति अविलम्ब पूर्ण करते हुए गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण प्रदान करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला कौशल व कार्यकारिणी समिति सदस्यगण, सम्बन्धित प्रधानाचार्य एवं उनके प्रतिनिधियों व आईटीआई प्रधानाचार्य, कौशल प्रबंधक, कार्यालय सहायक, प्रशिक्षण प्रदाता के प्रतिनिधियों इत्यादि के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत

**ललितपुर।** बुधवार को सड़क हादसे ने एक ही परिवार के दो लोगों की जान ले ली है। मामला सदर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अमरपुर स्थित गल्ला मंडी के पास गलत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी। हादसे में थाना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम चीरा निवासी 26 वर्षीय निकेश पुत्र सुरेश कबूतरा और उसकी मां 47 वर्षीय शिमला कबूतरा की मौत हो गई। हादसे में 37 वर्षीय सेवंती पत्नी रंजीत कबूतरा घायल हो गई जिन्हें झांसी रिफर किया है।

### दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में वृद्धजन दिवस का आयोजन हुआ

# वृद्धजन दिवस पर बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण कर 150 वृद्धजनों का सम्मान किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा




सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर वृद्धजनों को सम्मानित कर उनके जीवन अनुभवों और समाज में योगदान को सराहा गया।

कार्यक्रम में लगभग 150 वृद्धजनों को पुष्पमाला, श्रीफल और शाल पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों के लिए आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन कर उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ प्रदान किया गया। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने वृद्धजनों को कानूनी अधिकारों एवं सहायता संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर वृद्धजन बाबूलाल रघुवंशी ने अपनी भावनाओं को कविता के माध्यम से व्यक्त कर उपस्थितजनों को भावविभोर किया।

कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि रही कि 106 वर्षीय कादिर खान को उनके घर पर जाकर शतायु सम्मान प्रदान किया गया। उन्हें शाल, श्रीफल एवं एक हजार रुपए की सम्मान राशि भेंट कर समाज में उनके अमूल्य योगदान का सम्मान किया गया। सामाजिक न्याय विभाग के उपसंचालक पंकज जैन ने बताया कि यह आयोजन न केवल वृद्धजनों के प्रति समाज की संवेदनशीलता को दर्शाता है, बल्कि उनके सम्मान और अधिकारों को सुदृढ़ करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। सामाजिक न्याय विभाग ने विभागीय योजनाओं तथा माता-पिता भरण-पोषण अधिनियम की जानकारी देकर वृद्धजनों को लाभांवित किया। कार्यक्रम में जिपं पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, जपं अध्यक्ष वीरसिंह रघुवंशी, ब्रह्माकुमारी संस्था से प्रजापिता सपना दीदी, पेंशन एसोसिएशन अध्यक्ष ओमप्रकाश चतुर्वेदी मौजूद रहे।

### राजनैतिक दलों के साथ बैठक संपन्न

# इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के आगामी पुनरीक्षण कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उत्तर प्रदेश विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के अंतर्गत इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के आगामी पुनरीक्षण कार्यक्रम हेतु एडीएम अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बताया गया कि स्नातक स्तर के मतदाताओं के फार्म 18 सम्बंधित पदाविहित अधिकारी के कार्यालय में जमा होंगे, इसके लिए जनपद में 8 पदाविहित अधिकारी नियुक्त किये गए हैं। विगत 3 वर्ष पूर्व स्नातक की डिग्री प्राप्त कर चुके युवा मतदाता बन सकते हैं। इसके साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण में लगे सभी अधिकारियों के सम्बंध में अंतिम प्रकाशन अर्थात 30 दिसम्बर 2025 तक भारत निर्वाचन आयोग की अनुमति के बिना स्थानांतरित करने पर रोग लगा दी गई है। बैठक में निर्देश दिये गए कि जिले स्तर पर अधिकारियों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सभी खण्ड विकास अधिकारियों को एड कर लें, इसके अलावा राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को निर्वाचन सम्बंधी किसी भी जानकारी के लिए एडीएम ने अपना दूरभाष नम्बर दिया। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने सुझाव भी दिये, जिन्हें सूचीबद्ध किया गया। बैठक में एसडीएम पाली, एसडीएम मड़ावरा, बीडीओ जखौरा, बीडीओ बार, बीडीओ बिरधा, एईओ, राजनैतिक दलों में आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी, भाजपा से जगदीश सिंह, इण्डियन नेशनल कांग्रेस से अजय प्रताप सिंह तोमर, समाजवादी पार्टी से प्रमोद इमलिया, अपना दल से सोहनलाल निरंजन आदि उपस्थित रहे।

### ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत आयोजन

# एक माह में पैंसठ अभियोगों में हुई सतत पैरवी

- 87 अपराधियों को कराई गई अधिक से अधिक सजा
- दो लाख से अधिक अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

**ललितपुर।** डीजीपी लखनऊ द्वारा अभियोगों की प्रभावी पैरवी कराये जाने के आदेश के क्रम में ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी परिक्षेत्र के निर्देश व एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन में जनपद में चिन्हित अभियोगों में अपराधियों को शीघ्र व अधिक से अधिक सजा दिलाने जाने हेतु प्रभावी पैरवी कराते हुये मॉनीटरिंग सेल/पैरवी सेल में नियुक्त अधिकारियों, कर्मचारियों, सीओ, थाना प्रभारी और विवेचकों आदि को न्यायालय में पैरवी हेतु नामित किया गया था।

इनके द्वारा अपराधों के अभियोगों की समुचित पैरवी न्यायालय में करते हुए साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को माननीय न्यायालय में समय से प्रस्तुत कराकर मॉनिटरिंग सेल एवं अभियोजन द्वारा की गई प्रभावी पैरवी से न्यायालय द्वारा एक माह सितम्बर में कुल 65 चिन्हित अभियोगों में कुल 87 अपराधियों को अधिक से अधिक सजा करवायी गयी तथा कुल दो लाख तीन हजार नौ सौ रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित करवाया गया है। इसके अलावा पॉक्सो, दुष्कर्म के पांच अभियोगों में 6 अपराधियों को सजा करायी गयी, जिसमें एक अपराधी को 10 वर्ष का कठोर कारावास व एक अपराधी को 5 वर्ष 6 माह, तीन अपराधियों को 3 वर्ष एवं एक अपराधी को एक वर्ष की सजा के साथ 86 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। वहीं अन्य 60 चिन्हित अभियोगों में 81 अपराधियों को अधिक से अधिक सजा व अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

# अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर पं. दीनदयाल उपाध्याय वृद्ध आश्रम में किए गए आयोजन




**ललितपुर।** समाज कल्याण निदेशालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 1 अक्टूबर 2025 को समाज कल्याण अधिकारी की अध्यक्षता में वृद्धा आश्रम में दामोदर शर्मा की देख रेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आरंभ में आये हुए सभी आगंतुकों का स्वागत किया। तदोपरान्त मुख्य अतिथि समाज कल्याण अधिकारी संजय श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि समाज एक परिवर्तनशील व्यवस्था है और इस दौर से प्रत्येक समाज के व्यक्ती को गुजरना है। परिवार से उपेक्षित एवं निसंतान बुजुर्गों की देखरेख हेतु वृद्ध आश्रम की स्थापना प्रत्येक जिले में की गयी है। इसी क्रम में जिला स्तरीय समिति के सदस्य एवं समाजसेवी मनमोहन जडिय़ा ने बताया गया कि जिले के वृद्ध आश्रम जिसका में सदस्य हूँ कि सुविधाओं को देख कर मेरा मन प्रफुल्लित होता है। शिवम देव आलिया एवं अभय श्रीमाली पत्रकार द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। प्रभाकर शर्मा सुलह अधिकारी (वृद्ध जनों) द्वारा भी वृद्धों को संबोधित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ पेंशन प्राप्त प्राप्त करने वालों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में रूपेश परिहार, समा बानो, ज्योति अहिरवार, रेणु नामदेव, रामगोपाल साहू, घनश्याम साहू, दीपक पटेल, पुष्पा राजपूत एवम वृद्धजन उपस्थित रहे। अंत में आभार दामोदर शर्मा प्रबंधक पं.दीनदयाल उपाध्याय वृद्धा आश्रम द्वारा किया गया।

# गोवंश को लेकर भारत में सख्त कानून की आवश्यकता: आचार्य



**ललितपुर।** चित्रकूट अखण्ड सच्चिदानंद आश्रम ट्रस्ट तालाबपुरा में विगत दिनों से चल रही दिव्य श्रीमदभागवत कथा में पूज्य कथा व्यास अचार्य पं.हरिओम शरण कौशिक ने कहा कि हमारी भारत भूमि पर गायों पर हिंसा बेहद शर्मनाक है। जब गायें दूध देना बंद कर देती हैं तो उनको रोड पर छोड़ दिया जाता हैं। जहां या तो दुर्घटना का शिकार हो जाती है या फिर बूचड़ख़ाने में भेज दिया जाता हैं। गौ को माता मानने वाले देश मैं इस प्रकार की दुर्दशा हो रही है कि गौचर भूमि पर अवैध क़ब्ज़े से रोड पर मजबूर होकर गौ माता सतत अनशन कर रही है। वास्तविकता जहां गायों का संवर्धन नहीं होगा, वहां भगवान भी कैसे आयेंगे। जहां गाये नहीं होगीं वहां गोविंद कहां से आयेंगे। उक्त उद्गार पूज्यश्री ने व्यक्त किये। इसमें मुख्य यजमान राजकुमार गुप्ता, रामजी गुप्ता, भगवत भूषण, देवकीनंदन कौशिक, आदि मौजूद थे।

# चुनावी रणनीति के बीच वरिष्ठ नागरिकों से भी मिले सांसद

**ललितपुर।** वरिष्ठ नागरिक दिवस की पूर्व संध्या पर वरिष्ठ नागरिक समिति के पदाधिकारी से झांसी ललितपुर के सांसद पंडित अनुराग शर्मा से ललितपुर प्रवास पर मिले और उन्हें वरिष्ठ नागरिक दिवस पर अपने कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु आमंत्रित किया तथा जनपद स्तर पर वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया, जिसमें मुख्य समस्या विगत दो वर्ष पहले वरिष्ठ नागरिक भवन हेतु जिलाधिकारी ने अपनी बैठक में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को लिखित रूप से भवन तैयार कर आवंटन हेतु निर्देशित किया था साथ ही नगर में सड़कों की दुर्दशा पर एवं विद्युत की आपूर्ति में अव्यवस्थाओं पर शीघ्र निस्तारण हेतु कहा था, किंतु आज की स्थिति भी दो वर्ष पूर्व जैसी ही है ना तो नगर बैठक मेंपालिका के माध्यम से भवन प्राप्त हुआ है और ना ही सड़कों की और विद्युत की व्यवस्थाएं सुधरी हैं सांसद जी ने वरिष्ठ नागरिकों की समस्याएं शीघ्र ही निस्तारित कराकर भवन हेतु नगर पालिका अधिशासी अधिकारी से तत्काल कार्यवाही हेतु कहा ' उपचुनाव के प्रत्याशी के ससुर मुन्नालाल जैन का समिति से परिचय कराया और चुनाव के लिए सहयोग की मांग की ।

### समिति के अधिकतम रक्तवीर को मिला स्नेह चिन्ह और प्रमाण पत्र

# जय अम्बे रक्तदान समिति को किया सम्मानित



**ललितपुर** । स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के ब्लड बैंक प्रांगण में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर जय अम्बे रक्तदान समिति और और समिति के अधिकतम बार रक्तदान करने वाले रक्तवीर अजय साहू 55 वी, रोहित सोनी 35 वी, संतोष पटेल, 25वी फारुख खान 21 वी वार रक्तदान करने पर स्नेह चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जय अम्बे रक्तदान समिति लगातार 17 वर्षों से रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रही है और हजारों जरूरतमंदों को रक्तदान करा कर उनकी जान बचाई है। समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर ने बताया है कि हमारी समिति के सैकड़ों रक्तवीरों ने 50 से अधिक बार रक्तदान किया है जो जिले की एकमात्र समिति द्वारा किया गया है। इस मौके पर जय अम्बे रक्तदान समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर, कन्हैयालाल रजक, बलराम अहिरवार, चन्दन सिंह अहिरवार, दीपक अहिरवार, रोहित सोनी, अजय साहू, संतोष पटेल, फारूक खान आदि उपस्थित रहे।

# नवदुर्गा के उपरांत बुंदेली संस्कृति का लोकोत्सव नौरता का पूजन



**ललितपुर।** तहसील महरौनी अंतर्गत ग्राम कुम्हैड़ी में अविवाहित बच्चियों ने अश्वनि शुक्ल प्रतिपदा से पूरे नौ दिन तक ब्रह्ममुहूर्त में गांव की चौपालों या गांव के बड़े चबूतरों पर अविवाहित बड़ी बेटियों द्वारा सरजित एक रंग बिरंगा ऐसा संसार दिखता है जिसमें एक व्यवस्था होती है, संस्कार होते हैं। रागरंग और लोकचित्रों में बुन्देली गरिमा होती है।

हमारी बेटियां एक साथ गीत संगीत, नृत्य चित्रकला और मूर्तिकलां, साफ-सफाई संस्कारों से मिश्रित लोकोत्सव नौरता मनाती है। दीवार एक विराट दैतयाकार प्रतिमा जिसका श्रृंगार चने की दाल, ज्वार के दाने, चावल, गुलाबास के फूलों से सजाया और अलंकृत किया जाता है। इसके चबूतरे की रंगोली के समान निर्मित दुदी एवं सूखे रंगों से चौक पूरा जाता है। लड़कियों की स्वर लहरी फूट पड़ती है।

**नारे सुअटा, गौरा देवी क्वांरे में नेहा तोरा:** बुन्देलखण्ड की मात्र कुंआरी कन्याओं के लिए आरक्षित है। इसमें देवी पार्वती की आराधना का स्वरुप कुंआरी अवस्था का ही है। ऐसी मान्यता है कि सामान्य रुप से नौरता का अर्थ एक दैत्य था (सुअटा का भूत) जो कुंआरी कन्याओं को खा जाता था। लड़कियों ने उससे प्राण बचाने के लिए माता पार्वती की आराधना नवरात्रि में की और वे सुरक्षित हो गयीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रिया, राशि, नैंसी, गीता, वैष्णवी, सुजाता, बुलबुल, गौरी एवं संपूर्ण मुहल्ला की लड़कियों ने प्रतिभाग किया।

# जैन शिक्षक सामजिक समूह की शिक्षक संगोष्ठी पांच को होगी



**ललितपुर।** नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अटा मंदिर में चातुर्मासरत वैज्ञानिक संत आचार्य निर्भय सागर महाराज के ससंघ पावन सानिध्य एवं जैन पंचायत समिति के तत्वावधान में शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन 05 अक्टूबर रविवार को किया जायेगा।

संयोजक प्रफुल्ल जैन ने बताया कि आचार्य श्री के आशीर्वाद से एक दिवसीय शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन दो सत्र में आयोजित होगा।शिक्षक संगोष्ठी पत्रिका के विमोचन के दौरान जैन पंचायत समिति के अध्यक्ष डां अक्षय टडैया, महामंत्री आकाश जैन,मंत्री कैप्टन राजकुमार जैन,संयोजक सनत जैन खजुरिया,मीडिया प्रभारी अक्षय अलया,प्रबंधक मनोज जैन बबीना,अजय जैन गंगचारी,देवेंद्र जैन,जितेंद्र जैन,सत्येंद्र जैन,धीरेंद्र जैन,दीपक जैन,प्रदुम्न जैन,राहुल जैन, रीतेश जैन,राजीव बजाज, पुष्पेंद्र जैन, संजय टडैया, नितिन कडंकी, सचिन जैन, अंकित मोदी,अनूप चौधरी, दीप्ति जैन, अंजली जैन, स्नेहवर्षा जैन,मोहिता जैन, रागनी जैन, इंद्रा जैन, निधि जैन, श्वेता सिंघई, नेहा मौजूद रहे।

# चतुर्थ पुण्यतिथि पर याद किए गए कॉमरेड प्रकाशचंद्र श्रीमाली



**ललितपुर।** वरिष्ठ पत्रकार, लोकतंत्र सेनानी कामरेड प्रकाशचन्द्र श्रीमाली की चतुर्थ पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने सर्वप्रथम कामरेड प्रकाश चन्द्र श्रीमाली के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि कामरेड प्रकाश श्रीमाली एक सच्चे कलमकार थे। उन्होंने न केवल अपनी कलम से दबे, कुचले वर्ग की अबाज बुलंद की बल्कि 1975 में लगे आपातकाल का भी डटकर विरोध किया। कामरेड श्रीमाली आपातकाल दौरान साईकिल में माइक बांधकर अकेली ही महरौनी के इंदिरा चौराहे पर तत्कालीन सरकार के खिलाफ सभा करने लगे थे। जिसके बाद उन्हें मीसा के तहत गिरफ्तार कर 09 माह के लिए झांसी कारागार भेज दिया गया था। लोकतंत्र सेनानी श्रीमाली ने कभी भी अपने सिद्वान्तों से समझौता नहीं किया। कार्यक्रम के अंत में अन्नपूर्णा सेवा संघ के माध्यम से जिला अस्पताल में गरीबों की भोजन सेवा की गई। कार्यक्रम में राजीव बबेले, पवन संज्ञा, संतोष शर्मा, विजय जैन कल्लू, नवनीत किलेदार, हरिबाबू शर्मा, बलबंत सिंह राजपूत, शशिकांत दीक्षित, रामनरेश दुबे, सुनील खजुरिया, अमित सोनी, नसीम खान, क्रष्ण कांत सोनी, बहादुर अहिरवार आदि मौजूद थे।

### मैं हूं अभिमन्यु अभियान: एसएटीआई कॉलेज में छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी दी जानकारी

# कठपुतली नाटक के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं सुरक्षा के लिए जिला में **मैं हूं अभिमन्यु** जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में जिलेभर में चल रहे इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम, लैंगिक समानता, महिला सम्मान और सुरक्षित वातावरण का निर्माण करना है। इसी क्रम में एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे तथा सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में बुधवार को एसएटीआई कॉलेज में थाना प्रभारी निरीक्षक आरके मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक ज्योति परते एवं महिला आरक्षक रश्मि मिश्रा द्वारा छात्राओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी, महिला हेल्पलाइन, पुलिस हेल्पलाइन एवं बच्चों की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कठपुतली नाटक के माध्यम से भी जागरूकता संदेश दिया गया। जिसे छात्राओं ने अत्यंत रोचक और उपयोगी बताया। पुलिस ने महिला सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबर महिला हेल्पलाइन 1090, पुलिस हेल्पलाइन 112, साइबर हेल्पलाइन 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के संबंध में भी जानकारी दी। पुलिस का यह प्रयास महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करने की दिशा में सशक्त जनआंदोलन है।

### शहर सहित जिलेभर में धूमधाम से मना विजयादशमी का पर्व

# असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा पर हुआ रावण, मेघनाद के पुतलों का दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयादशमीं का पर्व गुरूवार को जिलेभर में हर्षोल्लास मनाया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय पर आयोजित हुए मुख्य समारोह में रावण और मेघनाद के विशालकाय पुतलों का दहन हुआ। वहीं कराहल, बडौदा और विजयपुर में भी रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। रावण दहन को देखने के लिए बडी संख्या में जन समुदाय उमड़ा।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विजया दशमीं उत्सव समारोह की शुरूआत शाम करीब 4 बजे टोड़ी गणेश बाजार स्थित श्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर से भगवान श्रीराम के चल समारोह के साथ हुई। भगवान श्रीराम के चल समारोह के आगे कलाकार अखाड़ेबाजी के करतब दिखाते चल रहे थे। चल समारोह का मुख्य आकर्षण भगवान श्रीराम और दशानंद की सेना के बीच युद्ध का नाटकीय प्रदर्शन रहा। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एक वाहन में दशानंद की सेना के रुप में रावण के साथ मेघनाथ और दूसरे किरदार श्रीराम की सेना पर बाणवर्षा कर रहे थे। वहीं भगवान श्रीराम अपने साथ लक्ष्मण और हनुमान के साथ दूसरे वाहन में विराजित थे जो शत्रुओं के बाणों का जवाब तीर चलाकर दे रहे थे। चल समारोह मैन बाजार होता हुआ श्रीरामतलाई पहुंचा। यहां पर महाआरती के बाद 15 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। याद रहे कि, इस स्थान पर लगभग 150 वर्ष से रावण दहन होता चला आ रहा है। श्री रामतलाई हनुमान मंदिर के बाद यह चल समारोह मेला मैदान में पहुंचकर भगवान श्रीराम और रावण की सेना के बीच नाटकीय युद्ध में तब्दील हो गया। इस युद्ध के दौरान भगवान श्रीराम ने रावण की नाभी में तीर मारकर उसका अंत किया। इसके बाद आतिशबाजी का दौर शुरू हुआ। विभिन्न प्रकार की आतिशबाजियों का प्रदर्शन किया गया। बाद में बुराई के प्रतीक के रूप में खडे 52 फीट ऊंचे रावण और 45 फीट ऊंचे मेघनाद के पुतले का दहन किया गया।



**राज्याभिषेक के साथ हुआ रामलीला का समापन**

मेला मैदान में रावण दहन होने के बाद श्री रामतलाई हनुमान मंदिर परिसर में श्रीरामलीला महोत्सव का समापन किया गया। इस महोत्सव के अंतिम दिन रावण वध के बाद भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने और अयोध्या में भगवान श्री राम के राज्यभिषेक की लीला का मंचन किया गया है।

**बड़ौदा में 40 और कराहल में 41 फीट का जला रावण**

विजया दशमी अवसर पर जिलेभर में रावण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। जिला मुख्यालय के बाद सबसे बड़ा आयोजन बड़ौदा कृषि उपज मंडी प्रांगण में 40 फीट उंचे रावण और 25 फीट ऊंचे मेघनाद के पुतले का दहन किया गया। कराहल में 41 फीट के रावण के पुतले का दहन किया गया। वहीं वीरपुर, मानपुर, ढोढर, सोंईकलां, रघुनाथपुर, ओछापुरा, श्यामपुर सहित विभिन्न गांवों में दशहरा का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया।

### चल समारोह के साथ विसर्जन के लिए ले जाई गई देवी प्रतिमाएं

# नम आंखों से दी महामाई को विदाई दो स्थानों पर हुआ प्रतिमा का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शारदीय नवरात्रि के दौरान शहर श्योपुर में जगह जगह विराजित की गई माता प्रतिमाओं का विसर्जन गुरूवार को सीप नदी में कर भक्तों ने मां को नम आंखों से विदाई दी। हालांकि प्रशासन ने पंडित घाट पर प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए विशेष कुंड बनाया था लेकिन भक्तों ने कुंड के बजाय सीप नदी बंजारा डैम पर ही प्रतिमा विसर्जन करने में अधिक रूचि दिखाई जिसके चलते पुलिस को अधिक मुस्तेदी से नदी में भी सुरक्षा व्यवस्था करनी पड़ी।

शारदीय नवरात्रा के दौरान शहर में जगह जगह विराजित की गई माताओं की प्रतिमाओं का गुरूवार को सीप नदी में विसर्जित कर दिया। विसर्जन से पहले महामाई को विदाई देने के लिए भक्तों ने धूमधाम से चल समारोह निकाला। जिला मुख्यालय के अलावा बड़ौदा, सोंईकलां, कराहल सहित जिले के विभिन्न हिस्सों में माता की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। नदी तट पर पहुंचने से पहले प्रतिमाओं को बैंडबाजों की धार्मिक धुन के बीच बाजार में विदाई समारोह पूर्वक दी गई। विभिन्न मंडलों द्वारा बनाए गए पंडाल में स्थापित की गई प्रतिमाओं को भी समारोह पूर्वक निकाला जिसमें युवाओं ने जमकर डांस भी किया। शहर में 2 दर्जन से अधिक स्थानों पर माता के दरबार सजाए गए थे जहां से प्रतिमाओं को वाहनों में सजा-संवारकर निकाला गया। बाजार में जगह-जगह प्रतिमाओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। पंडित घाट के अलावा बंजारा डैम पर भी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।



**ससम्मान हुआ कुंड में प्रतिमाओं का विसर्जन**

प्रदूषण बोर्ड की सिफारिश के बाद नगर पालिका ने माता प्रतिमा विसर्जन के लिए पंडित घाट नदी किनारे विशेष कुंड बनाकर तैयार किया था। हालांकि कई प्रतिमाओं को नपा द्वारा तैयार किए गए विशेष कुंड में लाकर विसर्जित किया गया जिन्हें नगर पालिका कर्मचारियों ने ससम्मान विसर्जित कराया लेकिन अधिकतर प्रतिमाएं इस कुंड में विसर्जन के लिए आने के बजाय बंजारा डैम पर ले गए जहां पर भी माता प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

### चंबल नदी पार कर टेहला जमूर्दी के हार में पहुंचा रणथंभोर का टाइगर

# बाघ ने ही किया था किसान पर हमला, फॉरेस्ट टीम को मिले पगमार्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

दो दिन पहले ग्राम जमूदी के हार में जो किसान हमले के दौरान घायल हुआ था, उस किसान पर बाघ ने ही हमला किया था। इसका खुलासा इस क्षेत्र में जांच के लिए पहुंची फॉरेस्ट टीम को बाघ के पगमार्क मिलने के दौरान हुआ है। बाघ का मूवमेंट फिलहाल टेहला जमूदी गांवों के आसपास ही बना हुआ है। बताया जा रहा है कि यह बाघ रणथंभोर सेंचुरी से निकलकर चंबल नदी को पार करके इस क्षेत्र में पहुंचा है। जिसके बाद श्योपुर सामान्य वनमंडल की टीम इस क्षेत्र में तैनात हो गई है। यहां के फोरेस्ट अधिकारियों ने राजस्थान के रणथंभोर सेंचुरी के अधिकारियों को इस संबंध में सूचना दे दी गई है।



यहां बता दें कि मंगलवार को ग्राम जमूदी निवासी खेमराज गुर्जर जब खेत पर गया था,तभी उस हमला बोल दिया। खेमराज का कहना था कि हमला बाघ ने किया था, हाथ में लाठी होने की वजह से बाघ के उसके चेहरे तक नहीं पहुंच पाया था। इस हमले के बाद श्योपुर सामान्य वन मंडल की टीम जांच के लिए मौके पर पहुंची। जांच के दौरान फोरेस्ट टीम को बाघ के पगमार्क मिले है। श्योपुर रेंजर राघवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि बाघ का मूवमेंट फिलहाल टेहला जमूदी के खेतों की तरफ ही बना हुआ है। इसके लिए हमने आसपास के गांव के लोगो को अकेले खेतों पर न जाने के लिए सूचित कर दिया है,साथही क्षेत्र में फोरेस्ट टीम तैनात कर दी है।

# भैंसों को नदी में पानी पिला रहा बालक डूबा, डेढ़ घंटे बाद शव मिला

श्योपुर। जिले के मानपुर थाना क्षेत्र में गुरूवार को सीप नदी में एक बालक डूब गया। बालक भैंसों को पानी पिला रहा था। तभी यह घटना हुई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से उसकी खोजबीन की। डेढ़ घंटे बाद बालक का शव मिला। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर हादसे की जांच शुरू कर दी है।मानपुर टीआई पप्पू सिंह यादव ने बताया कि सरोदा गावं के पास सीप नदी में दोपहर के वक्त यह घटना हुई। प्रिंस माली (15) पुत्र रामसिंह माली निवासी सरोदा अपने परिवार की सात भैंसों को नदी पर पानी पिला रहा था। पानी पिलाते वक्त ही वह नदी में डूब गया। डूबने के बाद उसने शोर मचाया। आसपास के लोगों को पता चलने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से बालक की खोजबीन की। घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर प्रिंस का शव मिल गया। पुलिस ने शव को बरामद कर श्योपुर जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा। देर शाम पोस्टमार्टम कराया गया। बालक के शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

### सांसद संग बाजारों में घूमे भाजपा नेता

# भाजपा ने मनाया उत्सव, दुकानदारों को बताई जीएसटी विशेषताएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सभी उत्पादों पर जीएसटी कम होने से लोगों के रोज मर्रा की चीजों में किस कदर दामों में गिरावट आई है इस गिरावट का लाभ पूरे देशवासी उत्साह से मना रहे हैं। इसकी जानकारी सांसद शिवमंगल सिंह तोमर के नेतृत्व में जीएसटी उत्सव मनाने निकले भाजपा नेताओं ने दुकानदारों को दी।

भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा गुरूवार को दोपहर 2 बजे शहर में जीएसटी उत्सव का आयोजन करते हुए बाजार में जनसम्पर्क किया और दुकानदारो के बीच पहुंचकर जीएसटी में की गई कटौती की विशेषताओं से रूबरू कराया। इस दौरान प्रमुख रूप से क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, बृजराज सिंह चौहान, महावीर सिंह सिसौदिया, कैलाशनारायण गुप्ता, संजय अकोदिया, मनोज सर्राफ सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान बाजार में दुकानदारो के बीच पहुंचे क्षेत्रीय सांसद तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश में जीएसटी में कटौती करते हुए लोगो को बड़ी राहत पहुंचाई है जिसका लाभ आम जन को मिलना चाहिए, जीएसटी में भारी कटौती से ग्राहक और व्यापारी दोनों को लाभ मिलेगा और बड़ी बचत होगी, इसके साथ ही हमें स्वदेशी वस्तूओं के क्रय-विक्रय पर अधिक जोर देना चाहिए जिससे देश का पैसा देश के हित में और विकास में लग सके। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भूषण ने कहा कि देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार होने से हर वर्ग में खुशी और विकास की झलक साफ दिखाई देती हैं, आना वाला समय देश की तरक्की का समय है जिसमें हम सभी को साथ मिलकर आगे बढ़ना है।

### सांसद सहित कलेक्टर-एसपी एवं अन्य जनप्रतिनिधि हुए पूजन में शामिल

# पुलिस लाइन में हुआ शस्त्र पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

दशहरा पर्व का सनातन धर्म में धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व है, दशहरा के पावन पर्व पर शक्ति और सुरक्षा का प्रतीक माना जाने वाले शस्त्र पूजन पर पुलिस लाइन श्योपुर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शस्त्रों की पूजा संपन्न हुई।

सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, कलेक्टर अर्पित वर्मा, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, रेडक्रॉस सचिव दिनेश दुबोलिया, भाजपा नगरमंडल अध्यक्ष संजय मंगल,कौशल शर्मा, पूरण आर्य, हेमंत गौतम, एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया, आरआई अखिलेश शर्मा, सूबेदार भगवंत प्रसाद पाण्डेय आदि की उपस्थिति में पंडित पूरण शर्मा द्वारा विधि विधान से शस्त्रपूजन संपन्न कराया गया। सांसद सहित सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा पूजन में भाग लेते हुए हवन में आहुति दी गई तथा आरती की गई।





**कोतवाली थाने में हुआ शस्त्र पूजन**

कोतवाली थाने में पदस्थ पुलिसकर्मियों ने भी विजयादशमी पर्व मनाते हुए शस्त्रपूजन किया गया। इस दौरान कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान सहित अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारियों ने विधि पूर्वक शस्त्रों का पूजन किया और आरती की गई।

### श्योपुर और बडौदा में आरएसएस ने निकाला पथ संचलन

# घोष की थाप पर स्वयंसेवकों ने मिलाए कदमताल, जगाई देशभक्ति की अलख

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

संगठन गढ़े चलो.., सुपथ पर बढ़े चलो, भला हो जो देश का वो काम किए चलो। जननी-जन्मभूमि स्वर्ग से महान है,इसके वास्ते ये तन है मन है और प्राण है। जैसे देश भक्ति गीतों की धुन पर गुरूवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवको ने श्योपुर और बडौदा में पथ संचलन निकालते हुए न सिर्फ अपने कदम ताल मिलाए,बल्कि लोगों में देश भक्ति की अलख भी जगाई। शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस पथ संचलन का जगह जगह स्वागत किया गया गया।

शहर श्योपुर में गुरूवार को अंबेडकर बस्ती का पथ संचलन निकला। जिसकी शुरूआत शहर के वार्ड क्रमांक 15 स्थित श्रीराम पार्क से हुई। यहां अंबेडकर बस्ती के सभी स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण हुआ। इसके बाद शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां स्वयंसेवको ने विविधत रूप से शस्त्रों की पूजा की। इसके बाद यहां से पथ संचलन शुरू हुआ। जो कमालखेडली, फक्कड चौराहा,मुक्तिनाद नगर होते हुए पाली रोड पर पहुंचा। पथ संचलन में तीन समानांतर कतारों में कदम बढ़ाते अनुशासित स्वयं सेवक देशभक्ति गीतों का उद्घोष करते और घोष की थाप पर कदम ताल मिलाते हुए लोगों में देश भक्ति का भाव जगाते चल रहे थे। पथ संचलन का किसी जगह आरती उतारकर तो किसी पुष्पा वर्षा करके स्वागत किया। पाली रोड से यह पथ संचलन जय श्रीपैलेस के पीछे होते हुए वापस श्रीराम पार्क में पहुंचकर सम्पन्न हुआ। पथ संचलन में बडी संख्या में संघ के गणवेशधारी स्वयंसेवक शामिल हुए।



**पंच परिवर्तन से होगा समाज परिवर्तन : अभिजीत**

शहर के वार्ड क्रमांक 15 स्थित श्रीराम पार्क में पथ संचलन से पहले शस्त्रपूजन के बाद बौद्धिक कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। समाजसेवी बंशीधर शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम में संघ के जिला प्रचारक अभिजीत मिश्रा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे, जबकि नगर संघ चालक सुरेन्द्र बंसल विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन थे। कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता जिला प्रचारक अभिजीत मिश्रा ने ने जहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना और उसके द्वारा किए गए कार्यो को रेखांकित किया। वहीं इसी विजयादशमी से शुरू होने वाले शताब्दी वर्ष के दौरान संघ के द्वारा देशभर में क्या क्या कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे,इसके बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष के दौरान संघ कार्यविस्तार और पंच परिवर्तन को लेकर काम करेगा। उन्होंने कहा कि पंच परिवर्तन के माध्यम से ही समाज में परिवर्तन आएगा। पंच परिवर्तन के दौरान कुटुंब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार, सामाजिक समरसता, स्वदेशी जीवन शैली, पर्यावरण को लेकर पूरे देश में काम किया जाएगा।



**बडौदा में मंडी प्रांगण से निकला पथ संचलन**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन बडौदा नगर में भी निकाला गया। मंडी प्रांगण में पहले शस्त्र पूजन और बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें प्रांत धर्म जागरण प्रमुख शैलेन्द्र तिवारी मुख्य वक्ता और बडौदा खंड संघ चालक मुकुट बिहारी धाकड विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। बौद्धिक कार्यक्रम के बाद मंडी प्रांगण से पथ संचलन आरंभ हुआ। इस दौरान घोष की थाप पर स्वयंसेवक कदम ताल मिलाते हुए चल रहे थे। पथ संचलन का नगर में कई जगह स्वागत किया गया। पथ संचलन थाने के सामने से होकर बस स्टैंड पर पहुंचा,इसके बाद यहां से पथ संचलन माताजी मोहल्ला, जगदीश धर्मशाला के सामने, मुख्य बाजार,कंपनी दरवाजा,अस्पताल रोड और बागर तिराहे होते हुए वापस मंडी प्रांगण में पहुंचकर सम्पन्न हुआ।

# बापू के विचारों को संस्कार बना रही है मोदी सरकारः शिवमंगल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार हमेशा प्रासंगिक रहे हैं और रहेंगे। इन विचारों के प्रति अभी तक आमजन सहमत था पर उसे आत्मसात करने में अधिक रुचि नहीं ले रहा था। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बापू के सपनों को साकार करने के लिए जो कदम उठाया है वह आजाद भारत की किसी भी सरकार ने नहीं उठाया। यह बात क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने गांधी पार्क पर 2 अक्टूबर (गांधी जयंती) के अवसर पर गांधी पार्क में नगरपालिका द्वारा चलाए गए स्वच्छता पखवाड़ा के समापन अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में संबोधन देते हुए कही। इससे पूर्व आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा में विधायक बाबू जंडेल, नपाध्यक्ष रेनू राठौर ने भी गांधी जी के जीवन व्रत पर प्रकाश डाला।

जिला मुख्यालय पर महात्मा गांधी की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। सुबह 07 बजे प्रभातफेरी के बाद गांधी पार्क पर गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और सर्वधर्म सभा आयोजित की गई। जिसमें आदित्य चौहान ने सर्वधर्म का पाठ कराया इस कार्यक्रम के बाद नगर पालिका द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत चलाए गए अभियान का समापन किया गया जिसमें सांसद शिव मंगल सिंह तोमर ने मुख्य अतिथि की हैसियत से शामिल होकर स्वच्छता दूतो को प्रमाण पत्र बांटे। श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुई नपाध्यक्ष रेनू राठौर, पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान आदि ने भी महात्मा गांधी के जीवन व्रत पर प्रकाश डाला।





**गांधी ने श्रमसंस्कार को जीवन का मूल स्तंभ मानाः विधायक**

महात्मा गांधी ने श्रमसंस्कार को अपने जीवन और विचारधारा का एक मूल स्तंभ माना. उनके अनुसार श्रम केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, सम्मान और सामाजिक समरसता का मार्ग है। यह बात विधायक बाबू जंडेल ने 2 अक्टूबर (गांधी की जयंती) को महात्मा गांधी पार्क सेवाश्रम पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधन देते हुए कही। गुरुवार को गांधी जयंती के अवसर पर जिले भर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इसमें गांधीवादी इस सभा में बड़ी संख्या में राजनैतिक व सामाजिक संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता शामिल हुए।

**गर्ल्स कॉलेज में ली सत्य एवं अहिंसा की शपथ**

गांधी जयंती के अवसर पर गर्ल्स कॉलेज में सेवा पखवाड़ा अभियान के 16 वें दिवस सत्य एवं अहिंसा की शपथ ली गई जिसमें स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, उत्पाद पर व्याख्यान एवं जागरण रैली कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान प्रिंसिपल डॉ एचडी राठौर, प्राध्यापक डॉ विपिन बिहारी शर्मा, डॉ रमेश भारद्वाज, डॉ सुभाष सिंह,खेमराज आर्य, डॉ सरलेश मौर्य,डॉ मंजू शाक्य, वेदांकी खंडेलवाल, डॉ महेश कुशवाहा, डॉ श्याम बामनिया, डॉ योगेश बाथम, अनिल तोमर, रवि यादव, डॉ मनीष सैनी, हीरा सिंह आदि स्टाफ सहित छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ परवीन वर्मा द्वारा किया गया।

## गांधी और शास्त्री की जयंती पर कवि सम्मेलन का आयोजन कर बांधा समा

# 'यह धर्म का रावण है उसे राम बनकर हराओ'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जन्म जयंती के अवसर पर समन्वय मंडपम संस्था ने नवोदित कवि सम्मेलन का आयोजन किया। इस कवि सम्मेलन में बीना के नवोदित कवियों ने भाग लिया और अपनी अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवयुवकों में स्वदेशी, राष्ट्र भक्ति आर समय सामायिक परिस्थितियों के प्रति जागरूकता और उस पर अपनी कलम की ताकत का सृजन था। संस्था की समन्वय सहित शाखा के माध्यम से विद्यार्थी जोड़े जा रहे हैं।

जिससे हिंदी साहित्य के लेखन एवं अध्ययन की समाज में प्रवृत्ति बढ़ सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मार्गदर्शक के रूप में बुंदेली साहित्य के मशहूर साहित्यकार महेश कटारे उपस्थित रहे। इस मौके पर महेश कटारे की गजलों ने कार्यक्रम में समा बांधा। उनकी वर्तमान सामाजिक स्थिति पर काव्य व्यंग्य ऐसी की तैसी ने खूब तालियां बटोरी। समन्वय मंडपम संस्था से सत्यजीत ठाकुर ने हे राम कविता के माध्यम से गांधी जी को याद किया। डालचंद पटेल ने राष्ट्रभक्ति कविता सुनाकर सबका उत्साह वर्धन किया। उनकी प्रस्तुति के दौरान की पंक्ति यह धर्म का रावण है उसे राम बनकर हराओ ने खूब वाह वाह बटोरी। कवयित्री वेदिका पाठक ने जीवन मेरा सफल कर दो प्रार्थना एवं धन्य भारत भूमि, धन्य यहां के लोग गीत से तालियां बटोरी। अन्य कवयित्री रमा ओझा ने स्वच्छता गीत के माध्यम से महात्मा गांधी जी की जन्म जयंती पर स्वच्छता का संदेश दिया। तो वहीं युवा कवि भानु लोधी ने धन्य बुंदेली धरती गीत गाकर खूब वाह वाह लूटी। इस दौरान कवि हर्ष देहरी ने पुकार है पुकार है गीत के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। युवा कवि आयुष राय ने भी अपनी कविता के माध्यम से सबका ध्यान आकर्षित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बुंदेलखंडी साहित्यकार महेश कटारे के अलावा, डालचंद पटेल, रामदयाल सेन, सर्वोदय जशरथ लोधी, देवेंद्र राय, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, केशव ठाकुर, टिंकू राजपूत ,दिलीप कुशवाहा, जफर खान, विनोद रजक अंजलि चौरसिया, रानी पाल अमृता चौरसिया और खुशबू कुशवाहा उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन हर्ष देहरी ने किया।

### हमें सदैव सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए, क्योंकि जीत सत्य की ही होती है: डॉक्टर उमा लवानिया



**बीना।** गर्ल्स कॉलेज में गांधी जयंती के अवसर पर गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर उमा लवानिया ने कहा कि हमें सदैव सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए क्योंकि सत्य अकेला है, परेशान रहता है, संघर्षों से भरा है लेकिन फिर भी जीत सत्य की ही होती है । आत्म संतोष सत्य पर चलने से ही मिलता है और सत्य पर चलते हैं तो जीवन के अंतिम पड़ाव पर पहुंचकर हमें कभी भी पश्चाताप नहीं होता है । डॉक्टर रश्मि द्विवेदी ने कहा कि अधर्म पर धर्म की विजय ही जीवन का सत्य है। हमें अपने-अपने जीवन में अपने कार्यों को करना है। अपने कर्तव्यों, उत्तरदायित्वों को पूरा करना है । यही जीवन की सत्यता है। नवीन नामदेव ने कहा कि मनुष्य द्वारा कभी-कभी अप्रत्यक्ष रूप से हिंसा हो जाती है । हमें इस बात का ध्यान रखना है कि जाने अनजाने में भी हमसे कोई गलत कार्य न हो ,हमसे किसी को नुकसान ना हो और हमसे किसी की आत्मा ना दुखे बस यही जीवन की श्रेष्ठता है । नीता नामदेव ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और सौहार्द के सिद्धांतों पर चलकर भारत को एकजुट बनाया हमें भी उनके सिद्धांत को अपनाकर आने वाली पीढ़ी को दिशा निर्देश देना है। आरती ठाकुर ने कहा कि महात्मा गांधी एक सामान्य परिवार में जन्मे परंतु अपने असाधारण कार्यों एवं अहिंसावादी विचारों से उन्होंने पूरे विश्व पटल पर अपना नाम अंकित किया । आज उन जैसे व्यक्ति की समाज को आवश्यकता है । मनीता राजपूत ने कहा कि महात्मा गांधी मानवता के प्रतीक थे हमें भी अपने जीवन में मानवीयता को अपनाना चाहिए । कीर्ति ठाकुर ने महात्मा गांधी के जीवन के तीन सिद्धांतों बुरा मत देखो, बुरा मत बोलो, बुरा मत सुनो पर केंद्रित करते हुए कहा कि यदि यह बातें जीवन में हम उतार लेंगे तो एक सरल, सहज एवं सुंदर जीवन जी पाएंगे । कार्यक्रम में निलेश शर्मा, संजय नोतानी, विनोद, पूजा, रंजना, विकास, आनंद, ददढू उपस्थित रहे ।

### सामाजिक न्याय विभाग का आयोजन

## कलेक्टर ने डॉ. अली को सम्मानित कर मनाया अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले में सामाजिक न्याय विभाग के सहयोग से मंगलम प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के मौके पर वृद्धजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में मंगलम के अध्यक्ष डॉ गोविंद सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजू बाथम, सामाजिक न्याय विभाग की उप संचालक सुश्री नम्रता गुप्ता, पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सक्सेना, सहित मंगलम पदाधिकारी, सदस्यगण व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम में शिवपुरी कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने कहा कि वृद्धजन हमारे घर की सबसे बड़ी पूंजी हैं। वह हमें संभल प्रदान करते हैं और मार्गदर्शन देते हैं अतः उनका मार्गदर्शन और संबल ही हमारे लिए सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि कभी भी जीवन में कोई विकट संकट या समस्याएं आती है तो हमारे घर के बुजुर्ग माता-पिता ही हमें संबल और मार्गदर्शन देते हैं उनके अनुभव और उनका ज्ञान हमें जीवन का मार्गदर्शन देता है। आज एकल परिवार हो गए हैं और पूर्व में जो संयुक्त परिवार होते थे उसका लोगों के जीवन संचालन में सहयोग मिलता था।

कार्यक्रम के मौके पर कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने जिला चिकित्सालय के पूर्व सिविल सर्जन और सीनियर सिटीजन डॉ एसडब्ल्यू अली का सम्मान किया गया। इस मौके पर पेंशनर्स एसोसिएशन सदस्यगण सहित अन्य वृद्धजनों का सम्मान शॉल श्रीफल, फलों की टोकरी से सम्मानित किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में वृद्धजन मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंगलम उपाध्यक्ष डॉ शैलेंद्र गुप्ता, अरविंद जैन, राजीव श्रीवास्तव, नरेंद्र जैन भोला, रंजीत गुप्ता, दीपक गोयल सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।



### रांवसर में स्वच्छता और सेवा पखवाड़ा मनाया

**अशोकनगर।** राज्य आनंद संस्थान (आनंद विभाग) का स्वच्छता एवं सेवा पखवाड़ा आनंद ग्राम रांवसर में मनाया गया। राधेकृष्णा आनंद क्लब रांवसर के प्रेरक आनंदक बलवीर सिंह यादव ने बताया कि आनंद ग्राम रांवसर में आसमानी माता परिसर तथा हनुमान मंदिर परिसर मीना मोहल्ला रांवसर में ग्रामवासियों को 350 पौधे निःशुल्क भेंट कर सेवा पखवाड़ा मनाया गया। इस पखवाड़ा में नवदुर्गा महोत्सव के पूर्व गलियों में साफ सफाई की गई तथा ग्राम के बलवीर सिंह यादव एवं विशाल यादव ने रक्तदान किया। राज्य आनंद संस्थान का ध्येय वाक्य स्वयं आनंदित रहें और दूसरों को आनंद पहुंचाएं को सार्थक करते हुए ग्राम रांवसर के आनंदक भाईयों ने निस्वार्थ भाव से पौधे वितरित किए और आनंद की अनुभूति प्राप्त की। यही आनंद विभाग का उद्देश्य है कि नागरिक स्वप्रेरणा से काम करते हुए जीवन को खुशियों से भरकर जीवन जीएं। राज्य आनंद संस्थान मध्य प्रदेश शासन भोपाल से विगत वर्षों में निम्न लोग अल्पविराम कार्यशाला में

### प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में शस्त्र पूजन

## दशहरा पर्व पर पुलिस लाइन में हुआ शस्त्र पूजन समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

विजयादशमी के पावन पर्व पर शिवपुरी जिले में शस्त्र पूजन का भव्य आयोजन किया गया। परंपरा और आस्था के इस आयोजन में ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह आज गुरुवार को स्थानीय पुलिस लाइन परिसर में हुआ, जहां प्रभारी मंत्री श्री तोमर के साथ विधायक शिवपुरी देवेन्द्र जैन, विधायक करैरा रमेश खटीक, विधायक कोलारस महेंद्र यादव, विधायक पिछोर प्रीतम लोधी, भाजपा जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, जनपद पंचायत शिवपुरी अध्यक्ष हेमलता रावत, सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता, हरवीर रघुवंशी तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने पारंपरिक विधि-विधान से शस्त्र पूजन किया। इस अवसर पर कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, डीएफओ सुंधाशु यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सहभागिता की। पूजन के दौरान शस्त्रों और वाहनों का पूजन किया गया तथा देश, प्रदेश और जिलेवासियों की सुख-समृद्धि और मंगलकामना की गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने जिलेवासियों को दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए इसे बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक बताया।

प्रशासन के निर्देश पर कम ध्वनि में बजे डीजे, जनता ने सराहा

## करैरा में माता रानी का विसर्जन उत्साह के साथ किया प्रशासन ने पहली बार घाट पर की क्रेन की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा



करैरा में माता रानी के विसर्जन का पर्व पूरे उत्साह, श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के लिए व्यापक इंतजाम किए, जिसने इस धार्मिक आयोजन को और भी सुव्यवस्थित बनाया।

महुअर नदी में विसर्जन में प्रशासन ने जेसीबी से सफाई करवाकर विसर्जन की अलग व्यवस्था कराई थी , जहां पहली बार क्रेन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इस नई व्यवस्था ने मूर्ति विसर्जन की प्रक्रिया को सरल और सुरक्षित बनाया, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। प्रशासन के निर्देश पर डीजे की ध्वनि को नियंत्रित रखा गया ताकि धार्मिक माहौल में कोई व्यवधान न आए। करैरा एसडीओपी डॉ. आयुष जाखड़, थाना प्रभारी विनोद छावई, सीएमओ गोपाल गुप्ता, सुनारी चौकी प्रभारी योगेंद्र सिंह सेंगर, राजस्व विभाग और नगर परिषद की टीम ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नदी में गोताखोरों की तैनाती की गई थी, जो किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहे। लगभग दो दर्जन से अधिक माता की मूर्तियों का विसर्जन रात 12 बजे तक पूर्ण हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस आयोजन ने सामाजिक एकता और धार्मिक उत्साह को प्रदर्शित किया। महुअर नदी के पुल पर सुरक्षा के लिए विशेष रूप से अस्थाई रेलिंग लगाई गई थी, जिसका उद्देश्य था कि लोग पुल पर चढ़कर हादसों का शिकार न हों। विसर्जन शोभायात्रा में चतुर्भुज सेवा समिति, पुलिस चौकी, बाल्मीकी समाज, ब्लॉक वाली गली, मंडी, कुरियाना मोहल्ला, कच्ची गली और सर्वोदय मोहल्ले की माता की मूर्तियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

इन मूर्तियों को भव्य सजावट और शोभायात्रा के साथ विसर्जन स्थल तक ले जाया गया, जहां श्रद्धालुओं ने माता रानी की विदाई पूरे सम्मान और भक्ति के साथ की। स्थानीय श्रद्धालुओं ने इस वर्ष प्रशासन की सक्रियता और व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इसे एक यादगार आयोजन बताया। करैरा के इस विसर्जन उत्सव ने श्रद्धा, सुरक्षा और संगठन के अनूठे संगम को प्रदर्शित किया, जो भविष्य के आयोजनों के लिए मिसाल है।

## गांधीजी और शास्त्रीजी की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा



क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अलगी मे विश्व को अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत अलगी पहुंचकर पूज्य बाबू जी की प्रतिमा पर दीप प्रजुलते एवं तिलक कर माल्यार्पण किया गया। जय जवान जय किसान का देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी को कांग्रेस परिवार के साथ श्रद्धापूर्वक स्मरण कर पुष्पांजलि अर्पित कर विचार विमर्श किए गए, जिसमें दिनारा के सहरिया क्रांति के कार्यालय संयोजक रामकृष्ण-घनश्यामसिंह बघेल (सदस्य जनपद पंचायत करेरा) सत्य, अहिंसा और त्याग के प्रतीक बापू तथा ‖जय जवान, जय किसान‖ के उद्घोषक शास्त्री जी के आदर्श हम सभी के लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता कीरत यादव अलगी,ब्रजेश द्विवेदी महाराज दिनारा, भूतनाथ दादा जनपद सदस्य अलगी,राजकुमार परिहार सेवड़ी ,जितेंद्र भगतजी भाई,मोनू सुमित नीखरा आदि कांग्रेस के देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कच्चे मकान में 74 बेग नकली खाद मिले

**अशोकनगर।** नकली खाद विक्रय करने की सूचना मिलने के बाद कृषि विभाग ने ग्राम गढूली तहसील बहादुरपुर में साजिद उर्फ भैयन पुत्र इब्राहिम खान निवासी गढूली के मकान पर पहुंचकर जाँच की गई। जाँच के दौरान पाया कि नकली खाद का स्टॉक मुंगावली में रखा गया है। मुंगावली स्थित खड़िया मोहल्ला में ईसाफ उल्लाह उर्फ बंटी पुत्र हिकमतउल्लाह के खेत में बने कच्चे मकान के दो कमरो में खाद के भरे हुये कुल 74 बेग (50 किलो प्रति बेग) एवं 12 खाली प्रिटेट बेग पाए गए।




## स्काउट एवं गाइड की जिला रैली में बीना टीम सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

पश्चिम मध्य रेलवे भारत स्काउट एवं गाइड, भोपाल मंडल की षष्ठ जिला रैली का आयोजन भोपाल में किया गया। जिसमें बीना की टीम को सम्मानित किया गया है। रैली का शुभारंभ मुख्य जिला आयुक्त एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक अभिराम खरे ने किया। रैली के समापन दिवस पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान बीना की टीम को मंडल रेल प्रबंधन द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित भी किया गया।

### महिला की बाइक से नीचे गिरने से मौत


**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत आनंदपुर चक्क थाना कचनार निवासी आराम बाई अपने भाई रामसेवक अहिरवार के साथ बरखेड़ा गांव माता पूजन के लिए गई थी। जब बाईक स्पीड ब्रेकर से गुजर रही थी उसी दौरान महिला आराम बाई बाईक से नीचे जा गिरी जिससे महिला के सिर में गंभीर चोंटे आईं थी। जहां महिला को उपचार के लिए मुंगावली अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### आज से शुरू होगा तीन दिवसीय स्नातक सम्मेलन, आएंगे देशभर से प्रतिनिधि

# महापुरुष बनने के लिए पुरुषार्थ करना पड़ेगा: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्य करने का जो आनंद होता है उसे देखकर उसे ऐसा लगता है इस आनंद को कब पाऊं । अंधेरे में चल रहे हैं अंधेरी रात मे प्रकाश की कोई उम्मीद नहीं है कोई निर्देशक नहीं है फिर भी चल रहे हैं। यह हमारा विश्वास है जो हमें मंजिल तक ले जायेगा।

उन्होंने कहा कि इस कलिकाल में कोई थोड़ा भी धर्म कर रहा है तो संतपुरुष ने उसकी प्रशंसा करते हुए कहा है वे जीव धन्य है जो इस अंधेरी रात में भी चल रहें हैं थकते नहीं है। किस्मत का खानें वाला कभी महा पुरुष नहीं बन सकते। महा पुरुष बनने के लिए पुरुषार्थ करना पड़ेगा। आप किसी भी क्षेत्र में हो व्यापार हो, पढ़ाई लिखाई हो, नौकरी हो धर्म हो, मेहनत और लगन से काम करना होगा। इसके पहले जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद मंत्री विजय धुर्रा विपिन सिंघई निर्मल मिर्ची पंडित किरण प्रकाश जी शास्त्री ने आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया इस दौरान कमेटी ने शास्त्र भेंट किए।

### हमें अपने विश्वास दृढ़, श्रद्धा पर कायम रहना होगा

उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति भाग्य के भरोसे बैठे हैं उनको कुछ ज्यादा मिलने वाला नहीं है। भजन के अनुसार यदि तुमने कहा कि जो होगा देखा जायेगा। यदि तुम्हारा निर्णय नहीं हुआ तो तुम्हारी नैया डूव जायेगी। एक हजार नौकरियां निकली और एक लाख से अधिक फार्म भरें गये और सब कह रहे हैं कि नौकरी तो मुझे ही मिलेगी। पक्का है कि एक हजार नौकरियां ही है फिर भी सभी प्रतिभागियों को हम मेहनत करते हुए देखते हैं वह पूरी ताकत लगाते हैं। तब कहीं जाकर पुरुषार्थ करने वाले को सफलता मिलती है। यदि ऐसा नहीं होता तो लोग अठारह अठारह घंटे क्यों पढ़ते क्यों मेहनत करते हैं। आपकी परीक्षा हो रही है बहुत बड़ा मोटी वेशन है कहा हमारी शक्तियां प्रकट नहीं हो पा रही है हमें विश्वास नहीं है जब तक हमारा दृढ़ विश्वास नहीं होगा हमें उपलब्धी हासिल नहीं हो सकती उपलब्धी पाने के लिए अपने अंदर विश्वास जगाना होगा।

### राम चन्द्र वन को धर्म के कारण गए इसीलिए आज भी हो रही है रामलीला

मुनि श्री ने कहा कि आप लोग शांति धारा करने आये है और मैं कह दूंगा कि शान्ति धारा से कुछ नहीं होगा फिर भी एकाध व्यक्ति कहेगा कि मरूंगा तो मरूंगा लेकिन णमोकार मंत्र पढ़ते हुए मरूंगा। वैष्णव दर्शन में एक बहुत अच्छी बात आईं भले ठीक नहीं है रावण कहता है कि यदि राम में भगवता है तो मैं भगवान के हाथो से मरूंगा। मरना यदि निश्चित है तो राम के हाथों मरना मंजूर है लेकिन मैं अब पीछे नहीं हटूंगा। रामचन्द्र जी वन को गये पांडव भी वन गये राम चन्द्र वन को धर्म के कारण गये अपने पिता के वचन को पूरा करने के लिए वन की ओर चल देते हैं इसलिए आज भी गांव गांव में रामलीला हो रही है। हम उनकी कथा सुनकर अपने आप को उपकृत महसूस करते हैं। वहीं पांडवों को जूआ में हार के कारण पाप के कारण बन जाना पड़ा। रामचंद्र जी वन को गए आज तक उनकी कथा हो रही है रामलीला चल रही है उन्होंने धर्म के मार्ग को चुना उन्होंने मर्यादा को स्थापित किया और पुरुषोत्तम कहलाये।

### युवा विद्वान की उपस्थिति में होगा स्नातक सम्मेलन

आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ क्षुल्लक श्री गम्भीर सागर जी महाराज क्षुल्लक श्री वरिष्ठ सागर जी महाराज क्षुल्लक श्री विदेह सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर के संयोजन में श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में देश भर से आ रहे युवा विद्वानो का तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्नातक सम्मेलन अहिंसा के पूजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस पर सुभाष गंज मैदान में होगा। इस सम्मेलन में देशभर से युवा मनिषी अपने ज्ञान से नगर वासियों को सराबोर करेंगे। जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई उपाध्यक्ष अजित बरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारल्लिय मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडिटर सजंय केटी थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री मनोज भैसरवास सहित अन्य प्रमुख जनो ने सभी से इस अवसर पर लाभ लेने का निवेदन किया है।